# SRU WORLD

(A Monthly News Letter)





Vol : 05 April 2023 Page : 8


## श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट ने कलरव अभियान का किया शुभारम्भ, विश्वविद्यालय के छात्रों ने सकोरा में रखा पानी....



श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट ने सम्पूर्ण भारत में स्थित संस्थानों में 17 अप्रैल को कलरव अभियान के तहत भीषण गर्मी में पक्षियों का जीवन बचाने के लिए सकोरा में पानी रखा गया। यह अभियान पर्यावरण प्रेमी, पक्षियों के प्रति अच्छा व्यवहार रखने वाले अनंत विभूषित श्री रवि शंकर महाराज श्री के द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों का जीवन बचाने के लिए चलाया जा रहा है जिसमें जागरूक और पर्यावरण प्रेमी एवं विद्यार्थी शामिल हुए ।इसी क्रम में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रांगण में जहां 65 एकड़ में 50 हजार से अधिक वृक्ष है एवं एक लाख से अधिक पक्षी आते हैं उनके लिए कलरव अभियान बहुत महत्वपूर्ण रहा। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर उत्साह से पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था में भाग लिया। विशेष रूप से इस अभियान में रायपुर की शालाओं के बच्चों ने भी विश्वविद्यालय आकर कलरव को समझा एवं खुद भी सकोरे में जल भर कर वृक्षों में लटकाया। यह आयोजन मूलत : व्यवहारिक प्रयोगशाला के रूप में जहां विद्यार्थियों ने इस कलरव अभियान के महत्व को समझा साथ ही अपने घरों एवं आस-पड़ोस में इसी तरह पक्षियों के लिए जल व्यवस्था की जिम्मेदारी सम्पूर्ण भाव से लेते हुए संकल्पित हुए।

श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के कलरव अभियान की यह पहल पूरे गर्मी ऋतु में पशु-पक्षी के जीवन में जल की पूर्ति करेंगी। उल्लेखनीय है कि एक तरफ जब भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है और गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में कलरव अभियान के तहत पक्षियों के लिए पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन किया जा रहा हैं। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। इस भीषण गर्मी में नदी-नाले सूखने से पक्षियों को पीने के

**65**
**एकड़ प्रांगण**
**50**
**हजार से अधिक वृक्ष**
**1**
**लाख से अधिक पक्षी**



लिए पानी भी नहीं मिल रहा है। ऐसे में पर्यावरण प्रेमी महाराज की प्रेरणा से श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के सदस्य और भक्तगणों द्वारा एक अनोखी पहल शुरू की गई है। पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सकोरे भर कर रखे गए।


महाराज श्री ने कहा कि पानी अनमोल है, इसके बिना जीवन संभव नहीं है। दिनों दिन बढ़ती गर्मी के चलते आज बेजुबान पशु-पक्षियों के समक्ष पानी की समस्या आ गई है। हम इंसान को भूख और प्यास की तड़प व्याकुल कर देती है, तब यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि बेजुबान पशु-पक्षियों की क्या हालत होती होगी। उन्होंने कहा कि गर्मी के चार महीने हम उनके लिए अपने घर और आसपास पानी की व्यवस्था कर दें, तो इससे बड़ा पुण्य का और कोई दूसरा काम नहीं होगा। वही कलरव अभियान में श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जे.के. उपाध्याय, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलसचिव डॉ.सी. रमेश कुमार ने कलरव अभियान की पहल के शुभकामाएं प्रेषित की। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने कहा कि यह प्रोग्राम महाराज श्री की आज्ञा अनुसार श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के समस्त कैम्पस में आयोजित किया



गया और हम श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में कलरव अभियान के माध्यम से इस पहल को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं यह एक प्रयास है जिसके माध्यम से हम पक्षियों को छोटी सी राहत दे सकते है। हमारा प्रयास है कि हम सब एकत्रित हो कर इस अभियान को घरो-घर पहुंचाए और पुरे विश्व में यह संदेश पहुंचे।



## विश्वविद्यालय में अप्रैल माह में लगभग 30 विद्यार्थी हुए प्लेसमेंट में चयनित...



प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य के लिए नए द्वार खुलते हैं और बढ़िया अवसर प्राप्त होता है। और श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास में लगातार प्रयासरत है। विश्वविद्यालय में अप्रैल माह में लगभग 30 विद्यार्थी प्लेसमेंट में चयनित हुए। विश्वविद्यालय ने देश और प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित किया। जिसमें कन्सेर्वेटेल, सुमीत होलसेल, आईसीआईसीआई बैंक, आइकॉन एडकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड, जस्ट डायल, अरहम टेक्नोलॉजी शामिल एवं कृष्णा मारुति इंजीनियरिंग हैं। इस माह प्लेसमेंट में डिप्लोमा इंजीनियरिंग से सौरभ कुमार पटेल, सिविल से प्रवीण कुमार भोयर- एन/टीसी से सुमन रॉय, एमबीए से देवेंद्र वर्मा,विकास सोनी,आयुष चंद्राकर, नेहा चौधरी,नेहा बेहरा, योगांत वर्मा, चित्रांशी डोले, अनमोल शुक्ला, देवेंद्र वर्मा, सूरज सोनी, प्रतिमा दास, लोकेश्वरी ध्रुव, दीक्षा कंसल, डिप्लोमा इंजीनियरिंग से से गिरीश साहू एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल से किशोर मंडल, आकाश चक्रवर्ती, लोमेंद्रकुमार, नवीन कुमार पटेल, विपिन कु प्रजापति, प्रीतम कुमार, तरुण वर्मा, ऋषभ कुमार पांडे, निखिल नायडू का चयन किया गया है। इन्हे भविष्य में आगे बढ़ने के लिए और रोजगार योग बनाने के लिए प्रतिष्ठित कंपनियों ने शानदार अवसर प्रदान किए है।

## "जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड" में छात्रों ने किया इंडस्ट्रियल विजिट...





श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने 1 अप्रैल 2023 को "जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रायपुर " में अपने छात्रों को इंडस्ट्रियल विजिट कराया। इंडस्ट्रियल विजिट में फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग के 45 छात्र और 6 स्टाफ शामिल हुए जिसमें उन्होंने स्टील एवं वायर रौड मिल का भ्रमण किया और स्टील एवं वायर रौड मिल इंडस्ट्रीज के बारे में जानकारी प्राप्त की। इंडस्ट्रियल विजिट में जायसवाल नेको इंडस्ट्रीज लिमिटेड से एचआर हैड मोहंती, शाजी थॉमस ,शशांक मलिक ने छात्रों को मार्गदर्शित किया। इस इंडस्ट्रियल विजिट के पीछे मुख्य कारण छात्रों को बातचीत, काम करने के तरीके और रोजगार प्रथाओं के माध्यम से व्यावहारिक रूप से चीजों के बारे में जानकारी देना था।

गौरतलब है की जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड (JNIL), भारत में निको समूह की प्रमुख कंपनी है कम्पनी आयरन और स्टील कास्टिंग, पाइप फिटिंग, ऑटोमोटिव, पावर, रेलवे, बियरिंग, स्ट्रक्चरल और फास्टनर उद्योग, भारी इंजीनियरिंग क्षेत्र, रिफाइनरी, पावर प्लांट, स्टील प्लांट, केमिकल प्लांट और पाइपलाइन, सामग्री हैंडलिंग उपकरण निर्माता, क्रेन निर्माता, चीनी क्रशिंग मिल आदि जैसे विभिन्न उद्योगों से संबंधित है। इस विजिट में विश्वविद्यालय से छात्रों के साथ कोऑर्डिनेटर के तौर पर डॉ. मिथिलेश सिंह, विजय प्रकाश गुप्ता, डॉ. अजय गुप्ता, चंद्र कुमार साहू, गोकुल देवांगन, तरुण सोनवानी और लैब असिस्टेंट गजेंद्र शामिल थे।

## विश्वविद्यालय एवं वीआई हॉस्पिटल के बीच हुआ एमओयू...

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय एवं वीआई हॉस्पिटल, रायपुर, छत्तीसगढ़ के बीच विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग की डीन डॉ.अनुभूति कोशले एवं प्रोफेसर मिशा मार्टिन के द्वारा एमओयू किया गया है। एमओयू का उद्देश्य है की दोनों संस्थाएं अपनी छोटी और प्रमुख तकनीकी समस्याओं का उल्लेख करें एवं कंपनी द्वारा वांछित होने पर वे विश्वविद्यालय के छात्रों को प्लेसमेंट और अल्पावधि प्रशिक्षण का भी मौका प्राप्त करा सकें । वी वाई हॉस्पिटल 200 बिस्तरों वाला मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल है। हॉस्पिटल का स्वामित्व समान विचारधारा वाले डॉक्टरों की एक टीम के पास है, जिनके पास स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने का एक विशाल अनुभव है और हॉस्पिटल का यह अनुभव विश्वविद्यालय के छात्रों के विकास के लिए लाभदायक होगा।






## डीन अनुभूति कोशले एवं असिस्टेंट प्रोफेसर मिशा मार्टिन का शोध पत्र हुआ प्रकाशित...



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के डीन फैकल्टी ऑफ साइंस, अनुभूति कोशले एवं असिस्टेंट प्रोफेसर मिशा मार्टिन का शोध पत्र पर्यावरण स्थिरता के लिए भविष्य की संभावनाएँ (Future Prospects for Environment Sustainability) किताब में वायु, जल, मृदा और ध्वनि प्रदूषण के अनुप्रयोग पर्यावरण स्थिरता में वृद्धि (Air, Water, Soil and Noise Pollution Applications to Enhance Environment Stability) विषय पर अध्याय-10 में प्रकाशित किया गया है।


उल्लेखनीय है की शोध पत्र में पर्यावरणीय अनुप्रयोगों के क्षेत्र में प्रौद्योगिकियों के प्रचुर विकास के साथ,प्रदूषण सर्वोपरि डोमेन, पानी के साथ-साथ भूमि से संबंधित प्रदूषण अन्य प्राथमिक प्रकार हैं, जो पर्यावरण की समग्र शुद्धता को प्रभावित करते हैं। इसके अतिरिक्त, ध्वनि प्रदूषण प्रमुख रूप से वाहनों और जनसंख्या में भारी वृद्धि के कारण प्रदूषण का एक तेजी से बढ़ता प्रकार है इन सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई है। शोध पत्र उपरोक्त प्रदूषण प्रकारों के कारणों, बुनियादी योजनाओं के साथ-साथ उनसे बचने के संभावित शमन समाधानों के साथ-साथ हानिकारक प्रभावों पर चर्चा करता है।

## विश्वविद्यालय ने किया कंस्ट्रक्शन स्किल्स के साथ एमओयू, छात्रों को कौशल विकसित करने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मिलेंगी मदद...




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट द्वारा कंस्ट्रक्शन स्किल्स कम्पनी के साथ एमओयू किया गया। कंस्ट्रक्शन स्किल्स कम्पनी और विश्वविद्यालय ने व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण ढांचे को और मजबूत करने के लिए पिछले सप्ताह एमओयू पर हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट के प्लेसमेंट अधिकारी आशीष तिवारी एवं एम.डी. शादाब द्वारा यह एमओयू किया गया।

एमओयू का उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को जोड़ना है, बेहतर काम के अवसरों का उपयोग प्रदान करने के लिए, छात्रों के लिए रास्ते बनाकर उन्हें रोजगार योग्य बनाना है। उल्लेखनीय है की एसआरयू और कंस्ट्रक्ट स्किल के बीच साझेदारी जॉब मार्केट में स्किल गैप को पाटने में मदद कर सकती है और छात्रों में व्यावहारिक कौशल की वृद्धि कर सकती है जो उद्योग की जरूरतों के लिए प्रासंगिक हैं। व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को रोजगार के अवसरों से जोड़कर, छात्रों को अपने चुने हुए करियर पथ में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान की स्पष्ट समझ हो सकती है। इसके अलावा, साझेदारी संभावित रूप से छात्रों को उद्योग, इंटर्नशिप और प्रशिक्षुता तक पहुंच प्रदान कर सकती है। ये अवसर छात्रों को अपने कौशल विकसित करने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं, जो नियोक्ताओं द्वारा अत्यधिक मूल्यवान है।



# विश्वविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान...






श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) और उन्नत भारत अभियान (UBA) के सदस्य के रूप में उपस्थित शिक्षकों और छात्रों के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान में आज 24 अप्रैल 2023 को विश्वविद्यालय के आसपास फैले कचरों की सफाई की गई। शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर फैले कचरों को एकत्रित कर उसे नष्ट किया। विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान का एक मात्र उद्देश्य है की पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति लोगो को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें।

इस अभियान में शिक्षकों और छात्रों ने तो बढ़-चढ़ के भाग लिया ही साथ ही विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सी. रमेश कुमार ने भी सभी का उत्साह बढ़ाते हुए स्वच्छता अभियान में सभी का हाथ बटाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान एक सामाजिक अभियान है जो स्वच्छता के महत्व को संचार करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से संदेश दिया जाता है कि हमें स्वच्छता को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाना चाहिए और अपने आसपास के स्थानों को साफ रखना हमारी जिम्मेदारी है।

# विद्यार्थियों ने किया छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण...



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के समस्त विभागों के विद्यार्थियों एवं विधि विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह कार्यक्रम समाज विज्ञान संकाय की प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अवधेश्वरी भगत, विभागाध्यक्ष राजनीतिक विज्ञान डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय और विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र डॉ. अंजली यादव के निर्देशन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण राज्य शासन की विधायिका को समझने की दृष्टि से अति-प्रासंगिक है, जहाँ विद्यार्थी राज्य सरकार की कार्यपद्धति, नीतियों और संबंधित मुद्दों के बारे में सीख सकते हैं, साथ ही प्रशासनिक सेवाओं के लिए प्रेरित भी होते हैं।विद्यार्थियों को इस भ्रमण में विधान सभा मुख्य भवन, पुस्तकालय, सेंट्रल हाल, विधान सभा समिति कक्ष, ब्लाक डी इत्यादि परिसर ले जाया गया।

डायरेक्टर संचालक विधान सभा मनीष शर्मा एवं अपर सचिव जी. शेषमिरी राव के द्वारा विद्यार्थियों को विधान सभा की पृष्ठभूमि और प्रक्रिया के सम्बन्ध में रोचक एवं ज्ञानवर्धक सूचनाएं प्रदान की गयी, यथा प्रश्नकाल, शून्यकाल, अविश्वास प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव, अभिसमय, विधेयकों के प्रकार आदि के सम्बंध में व्यापक जानकारी साझा करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गयी। सचिवालय सहायक शैलेन्द्र पटवा ने विधानसभा परिसर भ्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंततः डॉ. अंजली यादव ने उपरोक्त अधिकारियों को सनम्र धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एनसीसी कैडेट्स ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस...



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस (World Earth Day) मनाया गया, गौरतलब है की हर साल 22 अप्रैल को पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है इसलिए विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर एनसीसी कैडेट्स ने ड्राइंग बनाकर सभी को जागरूक किया और समाज के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाहन किया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की और प्लास्टिक पॉलीथिन से पेड़-पौधो को सुरक्षित किया।

विश्व पृथ्वी दिवस के इस अवसर पर समाज विज्ञान एवं कला संकाय के समस्त एच.ओ.डी. और प्रोफेसर ने एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति डॉ. एस.के. सिंह, कुलसचिव डॉ.सी. रमेश कुमार ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया और विश्व पृथ्वी दिवस के लिए शुभकामनाएं दी...

---

## विश्वविद्यालय में "एसआरयू आदर्श ग्राम" थीम पर छात्रों ने किया मॉडल प्रस्तुत...




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डिपार्टमेंट द्वारा 12 अप्रैल को "एसआरयू आदर्श ग्राम" थीम पर ग्रामीण विकास और सामाजिक कार्य के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम पर ग्रामीण क्षेत्रों के अभिनव विचार जैसे व्यक्तिगत स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीणों की सामाजिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, ग्रामीण विकास, ग्राम पंचायत के बारे में छात्रों ने चौपाल, हाट-बाजार, कृषि पद्धतियां, हॉस्पिटल, ग्रामीण क्षेत्र और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक व्यंजन पर गढ़ कलेवा के मॉडल प्रस्तुत किए।

"एसआरयू आदर्श ग्राम" कार्यक्रम में कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के छात्रों ने समूह गतिविधि के तौर पर अपनी रचनात्मकता का उपयोग करते हुए ग्रामीण विकास और सामाजिक कार्य पर संदेशात्मक मॉडल प्रस्तुत किए। "एसआरयू आदर्श ग्राम" कार्यक्रम में कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के डीन डॉ.अनूप श्रीवास्तव और प्रो. स्तुति भालाधारे ने चीफ़ कोऑर्डिनेटर के तौर पर छात्रों को मार्गदर्शित किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.के.सिंह ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत "एसआरयू आदर्श ग्राम" मॉडल पर छात्रों से चर्चा की और उन्हें एसआरयू आदर्श ग्राम के बारे में बताया साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा आयोजित सांसद आदर्श ग्राम योजना गाँवों के निर्माण और विकास हेतु कार्यक्रम के बारे में बताया जिसका मुख्य लक्ष्य ग्रामीण इलाकों में विकास करना है।







# विश्वविद्यालय में हुआ युवा संसद कार्यक्रम...




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के लॉ डिपार्टमेंट द्वारा 21 अप्रैल को युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें सत्तारूढ़ दल एवं विपक्षी पार्टी के रूप में दो पक्ष के मध्य संवाद हुआ|कार्य्रक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलसचिव डॉ. सी. रमेश कुमार, लॉ डिपार्टमेंट के प्राचार्य डॉ. सी. एल. पटेल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंताराम प्रधान ने किया| कार्यक्रम में लॉ डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों ने उत्साहित होकर भाग लिया। युवा संसद में चर्चा का विषय रहा "समान नागरिक संहिता ", इस सन्दर्भ में सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ अपना पक्ष रखा जिसमें उन्होंने समान नागरिक संहिता से सम्बंधित सकारात्मक तथा नकारात्मक बिन्दुओं को सदन में पेश किया एवं सदन की गरिमा को भी बनाए रखा| विश्वविद्यालय के कुलसचिव सी. रमेश कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की युवा देश के भविष्य निर्माता हैं अतः उन्हें अपने कर्तव्यों को समझते हुए कार्य करने की आवश्यकता है| विभाग के प्राचार्य डॉ सी. एल पटेल ने भारत के संविधान के महत्वपूर्ण अनुच्छेद एवं उनके अधिकारों को सदन में संक्षेप में समझाया एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की| कार्यक्रम में विधि विभाग के सहायक प्रोफेसर रेवती रमण चंद्रा ने सदन के स्पीकर एवं सहायक प्रोफेसर अंकिता ठाकुर, सहायक प्रोफेसर संतोषी साहू ने जज की भूमिका निभाई|

---

# श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में मॉडल G20 के तहत निबंध, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन...



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 28 अप्रैल 2023 को भारत सरकार के मॉडल G20 पहल के तहत निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थीयों ने मॉडल G20 के अनुसार G20 देशों की परिभाषित समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत किया और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, मॉडल G20 पहल से संबंधित अन्य मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने मॉडल G20 के लिए क्लाइमेट परिवर्तन और उसके प्रभाव थीम पर, महिलाओं के नेतृत्व में समाज में महिलाओं के विकास की भूमिका थीम पर और कृषि का डिजिटलीकरण थीम पर निबंध, वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से चर्चा की। मॉडल G20 पहल के इस कार्यक्रम में आयोजक के तौर पर विज्ञान संकाय की डीन डॉ. अनुभूति कोशले और समन्वयक के तौर पर डॉ. रूपल पुरैना, कु. प्रतिभा चोखी, कु. टिकेश्वरी मारकंडे, रमा कुर्रे, नेहा वर्मा, और प्रतिमा साहू विद्यार्थियों ने का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता के विजेता सुश्री अंजलि वर्मा प्रथम, रॉबिना एक्का द्वितीय, साक्षी पांडा तृतीय, वाद-विवाद के विजेता आस्था सिन्हा और समूह प्रथम, शिवांग गुप्ता और समूह द्वितीय, साहिल प्रजापति और समूह तृतीय, भाषण प्रतियोगिता के विजेता अमनधर दीवान प्रथम, एला द्वितीय, शिवांग गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे।इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.सी रमेशकुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित हो कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें जलवायु परिवर्तन, कृषि का डिजिटलीकरण और समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी और मॉडल G20 पहल के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की...





# युथ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम: श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विस दे रहा छात्रों को रोजगार प्रशिक्षण...

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय एवं भारत की प्रतिष्ठित कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विस ने मिलकर छात्रों के लिए "युथ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम" आयोजित किया। "युथ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम" से छात्र सही अवसर और अग्रणी कौशल मिलने पर, सामाजिक और आर्थिक रूप से अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे एवं मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में शामिल होंगे साथ ही एक गरिमापूर्ण जीवन जी सकेंगे। प्रोग्राम का उद्देश्य स्नातक पाठ्यक्रम के दौरान सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित स्नातक युवाओं के लिए रोजगार प्रशिक्षण प्रदान करना है और उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करना है। "युथ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम" में टीसीएस द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अनुसंधान उद्योगों, कंपनियों और नौकरी विवरण के महत्व को समझाते हुए सत्र की शुरुवात की गई। विद्यार्थियों को वक्ताओं में मजबूत छाप बनाने, साक्षात्कार के दौरान आंखों से संपर्क बनाने, प्रभावी बातचीत, संचार कौशल और पैनल चर्चा के लिए बॉडी लैंग्वेज की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है साथ ही छात्रों को अपनी ताकत, जाल और गलतियों से बचने और आत्म विश्लेषण की समीक्षा करने के लिए समझाया एवं बिजनेस कम्युनिकेशन स्किल्स, न्यूमेरिकल एबिलिटी क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और लॉजिकल रीजनिंग के बारे में छात्रों को सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय हैं की टाटा कंसल्टेंसी सर्विस कम्पनी देश की सबसे प्रमुख कंपनियों में से एक है जहां माना जा रहा है की काम करने के लिए सबसे अच्छा वर्कप्लेस है और बता दें की प्रोग्राम में टाटा कंसल्टेंसी सर्विस छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी कौशल और बढ़ी हुई दक्षताओं को बढ़ावा दे रही है और उन तक पहुंच प्रदान कर रही है साथ ही यह प्रोग्राम अंडरग्रेजुएट छात्रों के जीवन में एक उल्लेखनीय परिवर्तन पैदा करेगा ताकि उन्हें कॉर्पोरेट क्षेत्र में आत्मविश्वास से कदम रखने में मदद मिल सके। इस प्रोग्राम का अंतिम लक्ष्य है सतत समावेशी विकास के लिए रोजगार कौशल में वृद्धि करना। इस प्रोग्राम में आयोजक के तौर पर विश्वविद्यालय से दीप शर्मा और कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विस से रीजन लीड एचआर विजय पटेल, राहुल मटाई ने सहयोग किया। अच्छी बात ये हैं की विद्यार्थि भी "युथ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम" काफी पसंद कर रहे है और आगे भी ऐसे प्रोग्राम आयोजित करने की मांग कर रहें है विद्यार्थियों का मानना है की वे इस प्रोग्राम से काफी अनुभवी ज्ञान प्राप्त कर रहे है और उन्होंने पुरे प्रोग्राम के तहत काफी आनंद प्राप्त हुआ।





## सम्पादकीय समिति

**प्रेरणाश्रोत : परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज**

**श्री हर्ष गौतम**
प्रति-कुलाधिपति

**प्रो. एस. के. सिंह**
कुलपति

**डॉ. सी. रमेशकुमार**
कुलसचिव

संपादक
**हिना परवीन**

छायाचित्र
**शुभम नामदेव**

ग्राफिक्स डिज़ाइन
**दिनेश कुमार सिन्हा**